(a) whether it is a fact that India and Egypt have recently signed a Radio and Television protocol;

(b) if so, what are the salient features thereof; and

(c) in what way it will enhance cooperation between the two countries in the electronic media?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Yes Sir.

(b) and (c) The Protocol, *inter-alia* envisages the exchange of radio and television programmes between the two countries, exchange of visits between Senior officials and experts of the two countries, production of joint television programmes and exchange of experiences, researches and achievements in the field of technical knowhow. Besides it also provides for exploring the possibilities of training for officials and announcers working in Government-owned media organisations. These activities between Doordarshan and AIR on the one hand and the Egyptian Radio and Television Union on the other, would help in strengthening the existing friendly relations and co-operation between the respective organisations and in bringing the electronic media networks closer.

आंतरिक ऋण में वृद्धि

*569. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत दो वर्षों के दौरान सरकार पर आंतरिक ऋण की राशि में निरन्तर वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के अन्त में आंतरिक ऋण की राशि कितनी-कितनी थी;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन वर्षों के दौरान इस ऋण पर ब्याज की दर में भी निरन्तर वृद्धि हुई है ;

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1992-93 और 1994-95 के दौरान ब्याज की औसत दर कितनी-कितनी थी ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि इन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा ऋणों पर दिए जाने वाले ब्याज की राशि में भी अत्यधिक वृद्धि हुई है ; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा वर्ष 1992-93 और 1994-95 के दौरान क्रमश: कुल कितनी राशि ब्याज के रूप में दी गई और इसमें से कितनी राशि विदेशी वित्तीय संस्थाओं को दी गई ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) :(क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 (संशोधित अनुमान) के अन्त में केन्द्र सरकार का आन्तरिक ऋण और अन्य देयताएं क्रमश: 359355 करोड़ रुपए 430323 करोड़ रुपए और 490701 करोड़ रुपए थे ।

(ग) और (घ) वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान बाजार उधारों की भारित औसत ब्याज दर क्रमश: 12.46 प्रतिशत, 12.62 प्रतिशत और 11.87 प्रतिशत थी ।

(ङ) और (च) ब्यौरा इस प्रकार है:—

(करोड़ रुपए)

	1992-93 वास्तविक	1993-94 वास्तविक	1994-95 संशोधित अनुमान
आन्तरिक ऋण पर ब्याज	27546	32971	39890
विदेशी ऋण पर ब्याज	3529	3724	4110
(जिसमें से विदेशी वित्तीय संस्थाओं का ब्याज)	(2374)	(2512)	(2685)